आकाशवाणी केन्द्र शिमला
07.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक पद पर 23 वर्ष किए पूरे–जन भागीदारी व शासन में लोगों की भागीदारी पर दिया बल।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आईजीएमसी शिमला में नवनिर्मित 5 मंजिला कैंसर अस्पताल भवन का किया शुभारम्भ।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप–प्रदेश की कांग्रेस सरकार पूर्व भाजपा सरकार की योजनाओं का ले रही श्रेय।
- छात्राओं की चार दिवसीय राज्य स्तरीय अंडर 19 खेल कूद प्रतियोगिता रैत में संपन्न।

प्रधानमंत्री–सार्वजनिक जीवन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक पद पर आज 23 वर्ष पूरे कर लिए हैं। वर्ष 2001 में आज ही के दिन नरेंद्र मोदी पहली बार गुजरात के मुख्यमंत्री बने थे। केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के शुरू किए गए कई कल्याणकारी कार्यक्रम गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी की पहल से प्रेरित हैं। गुजरात मॉडल कहे जाने वाले ये उपाय जल संरक्षण, पौधारोपण अभियान, संविधान का उत्सव मनाने, स्वेदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने से संबंधित हैं। प्रधानमंत्री ने जन भागीदारी या शासन में लोगों की भागीदारी पर बल दिया है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला स्थित इंदिरा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय में नवनिर्मित पांच मंजिला कैंसर अस्पताल भवन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि साढ़े 13 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस भवन का उद्देश्य उपचार क्षमताओं को स्तरोन्नत कर कैंसर रोगियों को लाभान्वित करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस भवन के निर्मित होने से अस्पताल में कैंसर रोगियों के लिए बिस्तरों की क्षमता 20 से बढ़ाकर 65 की गई है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के समय में हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का बंटाधार हुआ है लेकिन कांग्रेस सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल में कैंसर के मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए समय पर ईलाज के उद्देश्य से सरकार जल्द ही आईजीएमसी में पैट स्कैन मशीन लगाएगी जिसके लिए 20 करोड़ रुपये आबंटित कर दिए गए हैं। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा ने चुनावों के मद्देनजर कांग्रेस सरकार पर बेबुनियाद आरोप लगाए और प्रदेश में सरकार ने कोई टॉयलेट टैक्स नही लगाया है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सुक्खू

इस बीच मुख्यमंत्री ने दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा शिमला में आयोजित भजन संध्या 'भज गोविंदम' में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने नशे की समस्या पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से नशा निवारण पहल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार नशे की तस्करी पर अंकुश लगाने और लोगों के पुनर्वास के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने नशे की तस्करी में संलिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं और पिछले माह कई लोगों को गिरफ्तार किया गया। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार पच्छाद उपमंडल के कोटला–बड़ोग में राज्य स्तरीय नशा निवारण व पुनर्वास केंद्र स्थापित करने जा रही है।

## जगत प्रकाश नड्डा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि भारत की स्वास्थ्य प्रणाली ने सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज–यू.एच.सी हासिल करने के लिए "संपूर्ण सरकार" और "संपूर्ण समाज" के दृष्टिकोण को अपनाया है। इसके अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल और आवश्यक सेवाओं को मजबूत करने पर जोर दिया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन–डब्ल्यू.एच.ओ के दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र के 77वें सत्र को संबोधित करते हुए जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि सरकार की आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से 12 करोड़ से अधिक परिवारों को लाभ मिला है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि भारत ने वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा केंद्र बनाने में डब्ल्यू.एच.ओ का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि भारत उच्च रक्तचाप, मधुमेह और हृदय रोगों जैसी स्थितियों से निपटने के लिए 2010 से गैर–संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम लागू कर रहा है। नड्डा को डब्लयू.एच.ओ. के दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्रीय समिति के 77वें सत्र के अध्यक्ष के रूप में भी चुना गया है।

## राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि स्वतंत्रता सेनानी वजीर राम सिंह पठानिया की शौर्य गाथा लोगों को देश के विकास व समृद्धि के प्रति योगदान देने के लिए प्रेरित करती रहेगी। वह आज कांगड़ा जिला के नूरपुर उपमंडल में महान स्वतंत्रता सेनानी वजीर राम सिंह पठानिया की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद एक समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान राज्यपाल ने वजीर राम सिंह पठानिया द्वारा भारत की आज़ादी के लिए दिए गए योगदान का उल्लेख भी किया। इस अवसर पर सांसद राजीव भारद्वाज व इंदु गोस्वामी, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

## जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार के दो साल के कार्यकाल में हिमाचल देशभर में सुर्खियों में बना हुआ है। आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश में सत्ता हासिल करने के लिए चुनाव से पहले लोगों को झूठी गारंटियां दी लेकिन आज तक उन्हें पूरा नहीं किया गया है और हर चीज पर टैक्स लगाकर लोगों पर महंगाई का बोझ बढ़ाया जा रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि मस्जिद विवाद हो या टॉयलेट टैक्स सहित सरकार के अन्य निर्णयों की देशभर में निंदा हो रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के समय शुरू की गई योजनाओं के ही वर्तमान

सरकार उद्घाटन कर रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा आईजीएमसी में आज कैंसर केयर सेंटर का शुभारम्भ किया गया है जिसके लिए केंद्र से ही 56 करोड़ रुपये मिले हैं लेकिन उन्होंने केंद्र का आभार तक नहीं जताया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से ही सुपर स्पेशिलियटी अस्पताल चमियाणा भी बना है लेकिन राज्य सरकार इस अस्पताल तक जाने वाली केवल अढ़ाई किलोमीटर सड़क भी नहीं बना पाई है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि दो साल बाद भी सरकार के हर फैसले में परिपक्वता नज़र नहीं आ रही है।

रोहित ठाकुर

कांगड़ा ज़िला के शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के रैत में आयोजित छात्राओं की चार दिवसीय राज्य स्तरीय अंडर 19 खेलकूद प्रतियोगिता आज संपन्न हुई। प्रतियोगिता में हैंडबॉल, हॉकी, बॉस्केटबॉल और फुटबॉल की स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और विजेता टीमों को समानित किया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 11 ज़िलों की स्कूली छात्राओं सहित दो खेल छात्रावासों की 6 सौ से अधिक छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने रैत पाठशाला का उन्नयन कार्य करने के लिए प्रारम्भिक तौर पर डेढ़ करोड़ रुपये देने की घोषणा की।

पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने भटियात विधानसभा क्षेत्र में चुवाड़ी के समीप एक करोड़ 84 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित मलेड़ पुल का आज लोकार्पण किया। इस अवसर पर एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मलूड़ा और बनेट पंचायतों के लोगों को अब बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि भटियात विधानसभा क्षेत्र में करीब दो सौ करोड़ रुपये की धनराशि से विभिन्न सड़क परियोजनाओं का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस दौरान उन्होंने जनसमस्याएं सुनी और अधिकांश का मौके पर निपटारा किया।

बैरा टैस्टिंग

मुख्य संसदीय सचिव सुंदर ठाकुर ने आज कुल्लू शहर के ढालपुर स्थित क्षेत्रीय अस्पताल में बैरा टैस्टिंग सेवा का शुभारम्भ किया। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया में एक से तीन साल की उम्र के बच्चों के सुनने की क्षमता की जांच की जा सकेगी। सुंदर ठाकुर ने बताया कि इस अस्पाल में ये सुविधा शुरू होने से कुल्लू, मंडी और लाहौल स्पीति ज़िलों सहित चंबा के पांगी क्षेत्र के लोगों को फायदा होगा।

बैठक

उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में आज शिमला में मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के अंतर्गत अनाथ बच्चों को कोचिंग सुविधा उपलब्ध करवाने के सम्बन्ध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शिमला शहर के नामी कोचिंग संस्थानों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। उपायुक्त ने कहा कि सरकार ने प्रदेश के सभी अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ़ द स्टेट का दर्जा दिया है। इन सभी बच्चों की देखरेख व पढ़ाई का सारा खर्चा सरकार व्यय करेगी। उन्होंने कहा कि योजना के तहत ही अनाथ बच्चों के लिए कोचिंग सुविधा उपलब्ध करवाने

का भी प्रावधान किया गया है। इस बीच उपायुक्त की अध्यक्षता में आज शिमला में प्रस्तावित रोपवे के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रोपवे और रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन एच.पी. लिमिटेड ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से शिमला रोपवे की विस्तृत जानकारी दी।

<u>नवरात्र</u>

शारदीय नवरात्रे के पांचवें दिन आज माँ दुर्गा के स्कन्द माता स्वरूप की पूजा अर्चना की गई। प्रदेश में स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठों ज्वालामुखी, चिंतपूर्णी, चामुंडा देवी, नैनादेवी और बज्रेश्वरी देवी सहित अन्य धार्मिक स्थलों में दिनभर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शीश नवाया और पूजा–अर्चना की। नवरात्र के उपलक्ष्य में सभी शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में भजन–कीर्तन से माहौल भक्तिमय बना हुआ है और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों के अलावा भंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है।